हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–146 : जौनपुर, बुधवार 08 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्लास्टिक की खराब बोतलों से बनाई गई जैकेट पहनकर संसद पहुंचे पीएम मोदी

नई दिल्ली ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव देने के लिए संसद पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी के पहनावे को लेकर खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, प्रधानमंत्री ने इस दौरान जो जैकेट पहनी वो प्लास्टिक की खराब बोतलों को रिसाइकिल करके बनाई गई है। इसे सोमवार को बेंगलुरु में इंडिया एनर्जी वीक में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने पीएम मोदी को भेंट की थी। कंपनी ने इसी तरह से प्लास्टिक की खराब बोतलों से ड्रेस बनाने की योजना बनाई है। इसे Unbottled इनिशिएटिव नाम दिया गया है। इंडियन ऑयल ने क्या कहा? दरअसल, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने हर साल 10 करोड़ PET बोतलों का रिसाइकिल करने की योजना बनाई है। रिसाइकिल होने वाली इन बोतलों से कपड़े बनाए जाएंगे। ट्रायल के तौर पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के विशेषज्ञों ने जैकेट तैयार की थी। जिसे पीएम मोदी को भेंट किया गया है। इंडियन ऑयल के अनुसार, एक यूनिफॉर्म को बनाने में कुल 28 बोतल को रिसाइकिल किया जाता है। कंपनी की योजना हर साल 10 करोड़ PET बोतलों का रिसाइकिल करने की है। इससे पर्यावरण के संरक्षण में मदद मिलेगी और पानी की भी भारी बचत होगी। कॉटन को कलर करने में भारी मात्रा में पानी का इस्तेमाल किया जाता है जबकि पॉलीस्टर की डोप डाइंग की जाती है। इसमें पानी की एक बूंद का भी इस्तेमाल नहीं होता है। आईओसी की योजना PET बोतलों का इस्तेमाल करके सशस्त्र बलों के लिए नॉन–कॉम्बैट यूनिफॉर्म बनाने की भी है। कितनी बोतल में बनती है एक जैकेट? पीएम मोदी के लिए तमिलनाडु के करूर की कंपनी श्री रेंगा पॉलीमर्स ने जैकेट तैयार की है। कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर सेंथिल शंकर ने दावा किया कि उन्होंने इंडियन ऑयल को च्म्ज बॉटल से बने नौ रंग के कपड़े दिए थे। इंडियन ऑयल ने गुजरात में प्रधानमंत्री के टेलर से यह जैकेट तैयार करवाई है। उन्होंने



कहा कि इस तरह की जैकेट को बनाने में औसतन 15 बोतल का इस्तेमाल होता है। एक पूरी यूनिफॉर्म बनाने में औसतन 28 बोतल का प्रयोग होता है। प्लास्टिक बोतल से बने गारमेंट की सबसे बड़ी खूबी यह होती है कि इसे कलर करने में एक बूंद पानी की भी इस्तेमाल नहीं होता है। सेंथिल ने बताया कि कॉटन को कलर करने में बहुत पानी बर्बाद होता है। लेकिन PET बोतल से बने गारमेंट में डोप डाइंग का इस्तेमाल होता है। बोतल से पहले फाइबर बनाया जाता है और फिर इससे यार्न तैयार किया जाता है। यार्न से फिर फैब्रिक बनता है और फिर सबसे अंत में गारमेंट तैयार किया जाता है। रिसाइकिल बोतल से बनी जैकेट की रिटेल मार्केट में कीमत 2,000 रुपये है। और क्या है खासियत? यह कपड़े पूरी तरह से ग्रीन टेक्नोलॉजी पर आधारित हैं। इन बोतलों को रिहायशी इलाकों और समुद्र से कलेक्ट किया जाता है। कपड़ों पर एक क्यूआर कोड होता है जिसे स्कैन करके उसकी पूरी हिस्ट्री जान सकते हैं। टी–शर्ट और शॉर्ट्स बनाने में पांच से छह बोतल का इस्तेमाल होता है। शर्ट बनाने में 10 और पेंट बनाने में 20 बोतल का इस्तेमाल होता है।

## अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के न्यूनतम इण्टरमीडिएट शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को लिपिकीय स्तरीय प्रतियोगिता सम्बन्धित एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए सम्मिलित विषयों में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित, सचिवीय पद्वति, बुक कीपिंग एण्ड ऐकाउन्टेन्सी, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि तथा कम्प्यूटर शिक्षा प्रमुख हैं। अर्ह अभ्यर्थियों की आयु 01 अप्रैल 2023 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अप्रैल 2022 से प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु उक्त वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों से विलम्बतम 23 मार्च 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार 24 मार्च 2023 को तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 25 मार्च 2023 को प्रातः 10 बजे से शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर में होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता/जाति से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लायें। प्रशिक्षण सम्बन्धी समस्त जानकारी हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी द्वारा विकास भवन सभागार में कृषि एवं संबंधित विभागों के संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में कृषि एवं संबंधित विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने पीएम किसान योजनान्तर्गत ई– केवाईसी एवं भू–लेख सत्यापन में लापरवाही बरतने पर मुफ्तीगंज, सुइथाकला,मुगरा बादशाहपुर, केराकत, सुजानगंज, रामपुर के एडीओ एजी का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए और उत्कृष्ट कार्य करने पर महराजगंज और खुटहन के एडीओ एजी को प्रशस्ति पत्र देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सोलर पम्प लगाए जाने में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। भूमि सरंक्षण अधिकारी द्वय मीटिंग में बिना सूचना दिए अनुपस्थिति थे, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को कृषि के क्षेत्र में नवाचार कार्य करने की निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद में मिलेट्स के क्षेत्र को बढावा दिया जाये। जितने लोग पीएम किसान का लाभ ले रहे है उनका केसीसी बनाया जाए। सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि भू–लेख के पेंडेंसी न रहे। एलडीएम को



निर्देश दिया कि केसीसी के शत–प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करें। जनपद के 30 कोआपरेटिव समितियो का कायाकल्प करने के निर्देश दिये। नलकूप विभाग की समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सभी नलकूप संचालित है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी नलकूप खराब न हो। सिचाई का समय है किसानों को कोई समस्या न हों। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि गो–आश्रय स्थलों की संख्या बढ़ाये, गौवंशो को सरंक्षित करें, कैटल कैचर की संख्या बढ़ाये। गोवंश बाहर न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लॉक में एक गाँव को मॉडल गाँव के रूप में विकसित किया जाए जहाँ पर सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो और योजनाएं संचालित हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर डी यादव, उप परियोजना निदेशक कृषि प्रसार डा. रमेश चंद्र यादव सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वाराणसी के दशाश्वमेध घाट के तर्ज पर होगी मां राप्ती की आरती : सीएम योगी करेंगे शुभारंभ

गोरखपुर ब्यूरो : विश्व विख्यात वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर होने वाली मां गंगा आरती की तरह अब हर शाम शहर के लोग मां राप्ती की आरती देख सकेंगे। आरती के साथ ही यहां सांस्कृति और आध्यात्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मां राप्ती आरती का शुभारंभ 19 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक प्रचार–प्रसार के लिए काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ऊं कारम् ने वाराणसी की तहर गोरखपुर में भी मां गंगा की आरती कराने का निर्णय लिया है। आरती के लिए राप्ती नदी के गुरु गोरक्षनाथ घाट का चयन किया गया है। जहां प्रतिदिन शाम को मां गंगा की आरती होगी। आरती के साथ ही यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ ही देश और विदेश के कलाकार प्रस्तुति देंगे। संस्था की ओर से यहां मास्टर क्लास चलाए जाएंगे, इस क्लास में देश–विदेश के वरिष्ठ कलाकार स्थानीय कलाकारों के कला के विभिन्न क्षेत्रों की शिक्षा देंगे। इसके अलावा संस्था महीनें में तीन दिन स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन करेगी, इसमें लोगों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही इसी घाट पर हर दिन सुबह संस्था की ओर से योग की शिक्षा भी दी जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर संस्था ने तैयारियां पूरी कर ली है।

**सांस्कृतिक पर्यटन के साथ बढ़ेगा रोजगार**

गोरखपुर जिले में सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए यहां गुरु गोरक्षनाथ घाट पर प्रतिदिन मां राप्ती की आरती कराने का निर्णय लिया



गया है। आरती में आने वाले देश–विदेश के मेहमानों के सुविधा के अनुसार यहां उनके ठहराव की व्यवस्था कराई जा रही है। ताकि मेहमानों के ठहराव से यहां रोजगार को बढ़ावा मिले। साथ ही इससे स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिलेगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्था ऊं कारम् की ओर से मां राप्ती की आरती के लिए गुरु गोरक्षनाथ घाट का चयन किया गया है। आरती के साथ ही यहां विभिन्न सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ऊं कारम् संस्था के अध्यक्ष नबारुन चटर्जी ने कहा कि सांस्कृति और अध्यात्म से लोगों को जोड़ने के लिए 19 फरवरी से मां राप्ती की आरती शुरू की जा रही है। गुरु गोरक्षनाथ घाट पर होने वाली आरती कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

## प्रदेश स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 9 गोल्ड सहित 10 मेडल हासिल करने वाले छात्रों को कॉलेज प्रबंधक ने किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। चौक स्टेडियम लखनऊ में 2 से 4 फरवरी तक आयोजित हुई प्रथम प्रदेशीय विद्यालय कराटे प्रतियोगिता में 9 गोल्ड एवं 1 सिल्वर सहित कुल 10 पदक हासिल कर लखनऊ एवं कॉलेज का नाम रोशन करने वाले खालसा इंटर कॉलेज के छात्रों को कॉलेज प्रबंधक स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया एवम कॉलेज के छात्र – छात्राओं को इन पदक विजेताओं से प्रेरणा लेकर कॉलेज नाम रोशन करने का संकल्प दिलाया। प्रदेशीय कराटे प्रतियोगिता के संयोजक एवं खालसा इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता स.जसपाल सिंह ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय स्कूली खेलों में हमारे कॉलेज के ये सभी पदक विजेता छात्र उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कॉलेज में समारोह पूर्वक हुए खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में कॉलेज प्रबंधक स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने प्रदेशीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले छात्र रितिक सोनकर,सूरज कुमार, आदर्श सोनकर, नीतेश गिरी, मोहित पाल, आयुष दिमान, अभय राजपूत , अभिषेक कश्यप एवं छात्रा नंदनी कुमारी दयाल तथा सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले छात्र अंश लोधी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। श्री बग्गा जी ने शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता जसपाल सिंह द्वारा खेल के क्षेत्र में कॉलेज के छात्र छात्राओं



को तराशने एवम कराटे प्रतियोगिता में मेडल हासिल कर कॉलेज को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभागियों की सराहना की। कॉलेज के प्रधानाचार्य स. वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह कॉलेज के लिए गौरव की बात है कि प्रबंधक महोदय के सानिध्य में हमारे छात्र छात्राएं खेल सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता स.जसपाल सिंह सहित सभी शिक्षकों एवम शिक्षिकाओं की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक स.जसविंदर सिंह ने किया। आपको बता दें कि प्रदेशीय कराटे प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 मंडल की टीमों में बालक एवम बालिका वर्ग से 170 बच्चों ने प्रतिभाग किया था।

## रेड क्रॉस भवन में विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरदोई के तत्वाधान में शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर द्वारा रेड क्रॉस भवन में विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सोसाइटी के सभापति डा. रमेश अग्रवाल के द्वारा रेडक्रास भवन में किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह रेड क्रॉस भवन में शिविर आयोजित होते रहेंगे। सचिव करुणाशंकर द्विवेदी ने बताया कि आज शिविर में 172 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया जिसमें 88 नेत्र रोगी मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु उपयुक्त पाए गए जिनमें आज कुल 40 मरीजो को विशेष वाहन द्वारा कानपुर ले जाया गया, शेष मरीजो को मंगलवार को सुबह 10 बजे ले जाया जाएगा । पंजीकरण का दायित्व स्वास्थ्य समिति के प्रभारी डॉक्टर कलीमुल्ला कुरैशी, महेश चंद्र एवं महेंद्र कुमार दीक्षित ने संभाला इस मौके पर सोसाइटी के उपसभापति अखिलेश सिकरवार रविशंकर शुक्ल, सुनील सिंह, अनिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



शिविर में अमरजीत के नेतृत्व में नेत्र परीक्षण किया गया तथा मरीजों का रक्तचाप, शुगर का परीक्षण किया गया। रेडक्रास भवन में ही तम्बाकू निषेध पर नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया। सभापति डॉक्टर रमेश अग्रवाल के पिता जी के जन्म दिन के अवसर पर सभापति द्वारा स्थानीय शांती देवी धर्मशाला में 200 से भी अधिक कम्बल का वितरण भी किया गया।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## सुल्तानपुर में गैंगवार : ढाबे पर बवाल फायरिंग में एक की मौत तथा एक घायल

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सुल्तानपुर जिले में मंगलवार को दिनदहाड़े एक ढाबे पर आपराधिक किस्म के लोगों की गैंग आपस में भिड़ गई। कहासुनी के बाद बवाल हो गया और जमकर फायरिंग हुई। जिसमें एक पक्ष के दो लोग हताहत हो गए। एक युवक ने मौके पर ही



दम तोड़ दिया, जब कि दूसरे की हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है। जिसे लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। घटनाक्रम इस प्रकार है। देहात कोतवाली क्षेत्रांतर्गत घासीपुर में प्रधान ढाबा है। यहां जयसिंहपुर निवासी युवक गौरव अपने पांच साथियों के साथ कार रिपेयर करवाने के लिए आया था। उसी समय उसके विपक्षियों की गोल भी वहां आ पहुंची। पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्ष एक–दूसरे से पूर्व परिचित थे। आपसी रंजिश के कारण इनके बीच पहले कहासुनी हुई और फिर बवाल शुरू हो गया। फायरिंग भी होने लगी। जिसमें गोली लगने से गौरव की ऑन द स्पॉट मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अग्रिम उपचार के लिए ट्रामा सेन्टर रेफर करवाया है। पुलिस कप्तान सोमेन बर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के लोगों का आपराधिक इतिहास रहा है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं।

## असलहे के दम पर कोटेदार से हुई लूट

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बीती रात असलहे की नोंक पर कोटेदार से लूट का मामला। 12 घंटे बाद भी नहीं दर्ज हुआ पीड़ित का मुकदमा।स्कार्पियो सवार लोगों ने कोटेदार से 3200 रुपये और मोबाइल लूट हुए थे फरार। पीड़ित कोटेदार ने बुधवार सुबह थानाध्यक्ष से की शिकायत। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सैतापुर सराय की घटना। कोतवाल शिवाकांत तिवारी बोले कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बैंकों में आए दिन हो रही चोरी उचक्का गिरी फ्रॉड गिरी को देखते हुए बैंक प्रशासन तो कम लेकिन पुलिस–प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा के निर्देश पर बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लाइन बाजार सहित पुलिस बल के जवानों



ने कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर गांधी तिराहा तक स्थित तमाम बैंकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बैंकों के बाहर खड़ी गाड़ियां बैंकों के अंदर आने जाने वालों के रजिस्टर बैंक में लगे अलार्म सीसीटीवी कैमरे को भी चेक किया गया । इस दौरान थानाध्यक्ष लाइन बाजार आदेश त्यागी चौकी इंचार्ज मियांपुर व भारी संख्या में महिला पुलिस कर्मी भी मौजूद रही। इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बैंकों की चेकिंग और पैदल मार्च कर बैंकों की चेकिंग किया गया है। इस दौरान आने जाने वाले आगंतुक रजिस्टर को चेक किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना है बैंकों को निर्देश दिया गया है कि आने जाने वाले लोगों के मोबाइल नंबर गाड़ियों के नंबर अंकित करें जिससे अपराधियों पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक यूनियन बैंक केनरा बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे और बैंकों में लगे अलार्म को भी चेक किया गया है सब कुछ सामान्य है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**रास्ते का हर रोड़ा एक चेतावनी है, उस चेतावनी को पढ़ना सीखो।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# सम्पादकीय

## जोशीमठ आपदा: ऊंट के मुंह में जीरा के समान आपदा का मुआवजा

आपदाग्रस्त जोशीमठ में प्रभावितों को मुआवजे का मामला उत्तराखण्ड सरकार के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है। अपने को अधिक संवेदनशील साबित करने के लिए राज्य सरकार अब तक का सबसे बेहतर मुआवजा पैकेज देने का वायदा तो कर रही है, लेकिन वह सबसे बेहतर पैकेज क्या होगा, यह तय करने में सरकार के पसीने छूट रहे हैं, क्योंकि राज्य सरकार आर्थिक रूप से प्रभावितों को सन्तुष्ट करने की स्थिति में नहीं है और केन्द्र सरकार के नियम ऊंट के मुंह में जीरा के समान ही हैं। ऐसी स्थिति में आंच केन्द्र सरकार की ओर भी जा रही है, क्योंकि मुआवजा केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधान प्राधिकरण (एनडीएमए) के नियमों के हिसाब से ही बंटना है और वे नियम घावों पर नमक छिड़कने के जैसे ही हैं। यहां सवाल केवल सम्पत्ति की क्षति का नहीं बल्कि आजीविका की क्षति का भी है। सवाल लोगों के जीवन और उनके सपनों के बिखरने का भी है। जोशीमठ पर एडीएमए की बैठक टली जोशीमठ को लेकर 4 फरवरी को दिल्ली में एनडीएमए की बैठक बुलाई गयी थी जो कि अपरिहार्य कारणों से टल गई। जबकि जोशीमठ के हजारों प्रभावित परिवार ही नहीं बल्कि उत्तराखण्ड सरकार भी उस बैठक पर टकटकी लगाए बैठी थी। उस बैठक में उत्तराखण्ड और इस मामले में अध्ययनरत सभी विशेषज्ञ संस्थानों के प्रतिनिधि बुलाए गए थे। इन विशेषज्ञ संस्थानों ने बैठक में अपने अध्ययन की प्रारंभिक रिपोर्ट पेश करनी थी। साथ ही जोशीमठ के सुरक्षित पुनर्वास पर भी चर्चा होनी थी। राज्य सरकार को उम्मीद थी कि बैठक के निष्कर्षों के आधार पर एमडीएमए पुनर्वास के लिए एक पैकेज भी घोषित करेगा। एनडीएमए के नियमों के अनुसार इस तरह की आपदा की स्थिति में केवल आवासीय भवनों, घरेलू सामान के नुकसान, खेतों और बगीचों के नुकसान आदि के लिए ही मुआवजे का प्रावधान है। इसमें होटल, दुकान या किसी भी आर्थिक गतिविधि वाले व्यावसायिक केन्द्र के नुकसान के लिए मुआवजा देने का प्रावधान नहीं है। एनडीएमए के नियमों में स्पष्ट किया गया है कि व्यावसायिक गतिविधियों वाले केन्द्र को मुआवजे से बाहर रखा गया है। यह प्रावधान संभवतः इंश्योरेंस की व्यवस्था के कारण रखा गया है। जबकि जोशीमठ बदरीनाथ यात्रा का बेस होने के साथ ही पर्यटन और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के कारण एक प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। वहां कई मंजिले होटलों के अलावा यात्रा सीजन में भीड़ को देखते हुए घरों पर ही यात्रियों के ठहरने के लिए कमरे बनाए हुए हैं। छोटे दुकानदरों, ढाबों और खोमचों का कोई बीमा नहीं है। अगर एनडीएमए के प्रावधानों से मुआवजा बांटा जाता है तो जनाक्रोश भड़कने का अंदेशा है। वहां लोग पहले ही आक्रोशित हैं और निरंतर धरने–प्रदर्शन चल रहे हैं। मुआवजे के मुद्दे के अलावा गुस्से का कारण जोशीमठ संकट पर चेतावनियों के बावजूद सरकार का चुप बैठे रहना भी है और अब जबकि जोशीमठ का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा धंस गया है तो सरकारी तंत्र सक्रिय होकर बचाव के प्रयास कर रहा है। अब तक राज्य सरकार प्रभावित 233 भूस्वामियों और लगभग 105 किराएदारों को लगभग 4 करोड़ की आर्थिक सहायता दे चुकी है। इसमें मूल निवासियों को डेढ लाख और किरोदारों को 50–50 हजार की सहायता शामिल है। एनडीएमए के नियमों के अनुसार राज्य सरकार पहले ही मानकों से अधिक धन दे चुकी है। करोड़ों के मकान का भी सवा लाख मुआवजा एनडीएमए के नियमों में पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त आवासीय भवन का मुआवजा पहाड़ी क्षेत्रों में 1,30,000 रुपये प्रतिघर और मैदानी क्षेत्र में 1,20,000 प्रति घर तय है। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पक्के घर का मुआवजा 65,000 रुपये तथा कच्चे घर का 40,000 रुपये तय है। मकानों के साथ ही क्षतिग्रस्त झोपड़ी के लिए 8000 रुपये तथा पशुओं के बाड़े के लिए 3000 रुपये का मुआवजा तय है। इसी तरह बाढ़ की स्थिति में 3 सेमी तक गाद हटाने के लिए अधिकतम् 18,000 रुपये और न्यूनतम् 2200 रुपये तय है। जोशीमठ में बाढ़ नहीं आई, इसलिए गाद का सवाल ही नहीं। मगर वहां गहरी और चौड़ी दरारों के कारण खेत ही बेकार हो गए हैं। हल चलाते समय हल और बैल दानों ही दरारों और गड्ढों में फंस सकते हैं। जमीन भी खिसक रही हो तो फिर खेत कैसे सुरक्षित रह सकते हैं। मुआवजे में बागवानी फसलों के लिए वर्षा सिंचित क्षेत्रों में 8,500 प्रति हेक्टेयर अधिकतम और 1,000 रुपये न्यूनतम तय है। इसी तरह सुनिश्चित सिंचित क्षेत्रों में अधिकतम मुआवजा 17,000 और न्यूनतम् 2,000 रुपये है। बारामासी फसलों, एग्रो फारेस्ट्री (अपने खेतों में वृक्षारोपण) पर अधिकतम 22,500 और न्यूनतम 2,500 न्यूनतम प्रति हेक्टेयर है। ऐरी, मलबरी, और टसर के लिए 6,000 रुपये प्रति हेक्टेअर और मूंगा के लिए 7,500 प्रति हेक्टेअर तय है। अगर सरकार इस हिसाब से मुआवजा बांटती है तो उसे भारी जनाक्रोश का सामना करना पड़ेगा। करोड़ रुपए तक के मकान के लिए 1लाख 30 हजार दोगे तो लोग भड़केंगे ही। भूधंसाव के कारण बरबाद हो रहे जोशीमठ में 30 जनवरी तक 863 मकानों पर दरारें हैं और केवल 181 को असुरक्षित घोषित किया गया था। सरकारी भाषा में मकानों को पूर्णरूप से या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घोषित नहीं किया गया है। सरकार द्वारा जो एक्सग्रेसिया दिया जाना है वह क्षति के आधार पर ही दिया जाना है। जिन मकानों के नीचे धरती खिसक रही हो उनमें चाहे जितनी और जैसी भी दरारें हो, उन्हें कैसे सुरक्षित या आंशिक क्षतिग्रस्त माना जा सकता है? इसलिए जितने भी मकान भूधंसाव के क्षेत्र में हैं वे सभी खतरे में हैं और उनको पूर्ण क्षतिग्रस्त ही माना जा सकता है। आपदा का मुआवजा अलग–अलग नहीं हो सकता बदरीनाथ में मास्टर प्लान के तहत निर्माण कार्य के लिए सरकार ने पुराने मकान, सराय और होटल, और निजी आवास आदि ध्वस्त करा दिए। इसलिए जोशीमठ के आपदा प्रभावित अपने लिए भी बदरीनाथ के जैसा मुआवजा और पैकेज चाहते हैं। कुछ लोग टिहरी बांध विस्थापितों का जैसा पैकेज देने की बात कर रहे हैं। मगर राज्य सरकार आर्थिक रूप से उस स्थिति में नहीं है। बदरीनाथ में भारत सरकार के हिसाब से और उसी के परिव्यय से काम हो रहा है। टिहरी में बांध बनाकर प्रतिदिन अरबों रुपये के राजस्व अर्जित करने के लिए लोगों को विस्थापित किया गया। इसलिए टीएचडीसी के लिए मुआवजे की मुंहमांगी रकम देना मुश्किल नहीं था। किसी बड़े परियोजन के लिए हुए पुनर्वास और आपदा के कारण पुनर्वास के नियम बिल्कुल अलग होते हैं। जोशीमठ में एनडीएमए के 10 अक्तूबर 2022 को संशोधित नियमों और मानकों के अनुसार ही मुआवजा दिया जाना है। एनडीएमए केवल जोशीमठ के लिए अपने नियमों से बाहर नहीं जा सकता। अगर ऐसा हुआ तो सारे देश में उसी हिसाब से आपदा मुआवजा देना होगा। अगर राज्य सरकार अपनी ओर से मुआवजे की अतिरिक्त राशि देती है तो आपदाओं की दृष्टि से अति संवेदनशील उत्तराखण्ड में अन्य स्थानों में भी उतना ही मुआजा देना देना पडेगा। उत्तराखण्ड में हर साल भूस्खलन, त्वरित बाढ़, बिजली गिरने, एवलांच जैसी प्राकृतिक आपदाएं होती रहती है सबसे बड़ा भूकम्प का खतरा तो हर समय मंडराता ही रहता है। अगर बदरीनाथ के पैटर्न पर मुआवजा दिया गया तो प्रदेश भर में आपदा प्रभावितों को उसी पैटर्न पर मुआवजा दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में मुआवजे के मानकों में आम लोगों की आजीविका को अवश्य शामिल किया जाना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## भाषण में शरीयत : पेंटिंग में दिव्या तथा फैशन शो में अदिति प्रथम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार और बुधवार को जी–20 के परिपेक्ष्य में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत निबंधा–लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं फैशन शो का आयोजन हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शरियत फात्मा, द्वितीय स्थान उद्देश्य सिंह तथा दिव्या भदोरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में दिव्या सोनकर प्रथम, अमृता गुप्ता द्वितीय तथा अफसाना खातुन तृतीय स्थान पर रहीं। फैशन शो में अदिती ने प्रथम, महक ने द्वितीय और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. अवध बिहारी सिंह और डा. चंदन सिंह, पेंटिंग प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव और प्रोफेसर वंदना रॉय एवं फैशन शो प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल मे रेखा पाल, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, विनीता सिंह और प्रोफेसर वंदना रॉय रहीं। इस अवसर पर जी 20 की नोडल अधिकारी



डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि जी–20 के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। आज के युवा जो इससे जुड़ाव नहीं रखते हैं वह आज जी– 20 मंच के माध्यम से बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम का संचालन हिदायत फात्मा और धन्यवाद ज्ञापन डा. मनोज पांडे ने किया। इस मौके पर जी–20 अम्बेसडर डॉ सुनील कुमार, डॉ मनोज पांडे और छात्र अम्बेसडर विनीत तिवारी, रिंशु सिंह, आँचल सिंह, संस्कार श्रीवास्तव, किशन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा एक शातिर गौ तस्कर टॉप 10 अपराधी नाजायज गांजा के साथ किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोकथाम एव अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गए सघन चेकिंग के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा चेकिग के दौरान शातिर गौ तस्कर टॉप 10 अपराधी नियाज पुत्र स्व0 फिरोज निवासी बरंगी थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को नाजायज गांजा के साथ बरंगी मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–28/ 2023 धारा–8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– नियाज पुत्र स्व0 फिरोज निवासी बरंगी थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0सं0–28/2023 धारा–8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–82/2020 धारा–3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 3(1) उ0 प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–1591/2017 धारा–60 आबकारी एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4.मु0अ0सं0–286/2001 धारा–60 आबकारी एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 5.




मु0अ0सं0–204/2003 धारा–25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 6.मु0अ0सं0–160/2004 धारा–25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 7.मु0अ0सं0–71/2011 धारा–8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 8.मु0अ0सं0–411/2007 धारा–457,380,411 भा0द0वी0 व 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. 1 किलो 200 ग्राम नाजायज गाजा गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य– 1.यजुवेंद्र कुमार सिंह,थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जौनपुर। 2.उ0नि0 शान मोहम्मद थाना खेतासराय जौनपुर 4.हे0का0 दिनेश यादव का0 दिनेश सरोज कां0 अमरनाथ यादव कां0दिनेश यादव कां0 कृष्णानंद यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

## सरकारी चिकित्सक को अज्ञात व्यक्ति ने मारा चाकू : घायल

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : लालमनि हॉस्पिटल में इलाज कर रहे चिकित्सक डा. आनंद सिंह को अज्ञात व्यक्ति ने केबिन में घुस कर चाकू मार कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल चिकत्सक डा.आनंद सिंह को जिला अस्पताल लाया जा रहा है।डा.आनंद सिंह जिला महिला चिकत्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर तैनात हैं।इस दिन दहाड़े वारदात से हड़कंप मच गया है।अभी एक दिन पहले ही हॉस्पिटल से कुछ दूरी पर बदमाशो ने गोली मार कर हत्या कर दी थी।

## कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री में शोध की असीम संभावनाएं –डॉ मनोज केशरवानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा मॉलिक्यूलर मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री के विभिन्न आयामों व अनुप्रयोगों पर चर्चा हुईं। तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ थ्योरिटिकल केमिस्ट्री, स्टटगार्ट यूनिवर्सिटी, जर्मनी के डॉ मनोज केसरवानी ने कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री में प्रयोग होने वाले विभिन्न सॉफ्टवेयर और प्रोग्राम के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को उसका प्रशिक्षण भी दिया। दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए मेहरावां पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता बीसवीं और इक्कीसवीं सदी में हुई रसायन विज्ञान की विभिन्न घटनाओं के जिक्र किया तथा कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री की उत्पति और वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। समापन सत्र के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ विवेक कुमार यादव ने कहा कि इस की तरह की कार्यशाला से विद्यार्थी को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में हो रही शोध का पता चलता है जिससे उन्हें अपने अध्ययन और शोध में मदद मिलती है। डॉ विवेक ने मॉलिक्युलर डायनामिक्स और उससे जुड़े विभिन्न आयामों के



बारे में विस्तार से उदाहरण के साथ चर्चा की। समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो देवराज सिंह ने कहा कि कंप्यूटर आज के समय में शोध के आवश्यक हिस्सा है। बिना कंप्यूटर के शोध की कल्पना नहीं को जा सकती है। प्रो सिंह ने विद्यार्थियों को मेहनत के साथ अध्ययन और शोध करने के लिए प्रेरित किया। दो दिवसीय कार्यशाला का वृत्त डॉ अजीत सिंह ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन , डॉ मिथिलेश यादव व डॉ. दिनेश वर्मा किया स धन्यवाद ज्ञापन स्वागत रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार ने किया स इस अवसर पर के डॉ नितेश जायसवाल, डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ आशीष वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. दीपक मौर्य, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ सुजीत, डॉ काजल डे तथा पीएचडी शोधार्थी व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## आदर्श स्टेशन के रूप में चुना गया कैंट स्टेशन : रेल मंत्री देंगे राजभाषा शील्ड और पुरस्कार

वाराणसी ब्यूरो : उत्तर रेलवे के कैंट स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में चुना गया। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव जल्द ही कैंट स्टेशन निदेशक को राजभाषा शील्ड और पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। रेलवे बोर्ड से यह सूचना मिलते ही कैंट स्टेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों में हर्ष है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलमंत्री राजभाषा शील्ड व ट्रॉफी और चल वैजयंती पुरस्कार योजना लागू है। इस योजना के अंतर्गत हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चयनित संस्थान को रेलमंत्री राजभाषा शील्ड व साथ में 14 हजार नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। कैंट स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि यह उपलब्धि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशीलता के बदौलत ही हासिल हुई है।

## नेहरू युवा केंद्र लखनऊ एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा 14वां जनजातीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम

मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ : नेहरू युवा केंद्र लखनऊ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा गृह मंत्रालय द्वारा आगामी 10 फरवरी से 16 फरवरी तक लखनऊ के राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान कुर्सी रोड में 14 वा जनजातीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है , यह जानकारी अलीगंज स्थित केंद्रीय भवन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नेहरू युवा केंद्र संगठन के क्षेत्रीय निदेशक श्रीकांत पांडे ने दी, उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 से इस प्रकार के कार्यक्रम गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किए जा रहे हैं 2022 – 23 में यह कार्यक्रम देश के 26 जगहों पर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें से एक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भी है ,श्री पांडे ने बताया कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आदिवासी युवाओं का चयन ऐसे क्षेत्रों से किया जाता है जहां वामपंथी विचारधारा प्रभावित हैं और नक्सलवाद एक बड़ी समस्या है, कार्यक्रम के तहत युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों में ले जाकर वहां की संस्कृति से उनका परिचय कराना देश की प्रगति का अवलोकन कराना उन्हें शैक्षणिक भर्मण के माध्यम से देश के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्रेरित करना आदि मुख्य उद्देश्य है, श्री पांडे ने आगे अपने संबोधन में बताया कि 10 से 16 फरवरी के इन 7 दिनों के कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक दिन सांयकाल आदिवासी लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, देश भक्ति और राष्ट्र निर्माण विषय पर भाषण प्रतियोगिता ,प्रतिदिन शैक्षणिक सत्र के के साथ–साथ लखनऊ जनपद का भ्रमण भी




कार्यक्रम में शामिल है, प्रेस वार्ता आरंभ होने के पूर्व कार्यक्रम के प्रभारी जिला युवा अधिकारी विकास सिंह ने वार्ता में सम्मिलित सभी प्रेस प्रतिनिधियों के साथ साथ उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया उन्होंने बताया कि लखनऊ में आयोजित हो रहे हैं 14 वे जनजातीय युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम में चार राज्यों बिहार ,छत्तीसगढ़ ,झारखंड एवं तेलंगाना के 8 जनपद गया ,बीजापुर, नारायणपुर, बस्तर ,खूंटी ,गिरिडीह, सरायकेला खरसावां ,भद्राद्री कोठागुडेम से 200 युवा आदिवासी शामिल हो रहे हैं ।इन युवाओं को उनके मूल निवास स्थान से लखनऊ तक ले आने एवं ले जाने के लिए सीआरपीएफ, बीएसएफ ,आईटीबीपी ,एसएसबी एस्कॉर्ट भी शामिल रहेंगे ।उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कुर्सी रोड लखनऊ के राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान में आयोजित हो रहा है ।प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से पत्र सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक विजय कुमार ,निदेशक केंद्रीय संचार ब्यूरो मनोज वर्मा, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना अशोक कुमार श्रोती ,उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन डॉ आराधना राज ,उपनिदेशक पत्र सूचना कार्यालय मुल्तान सिंह यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अपना दल एस पार्टी जौनपुर की मासिक बैठक जिला कार्यालय वाजिदपुर पर जिलाध्यक्ष शिव नायक पटेल की अध्यक्षता में संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल एस पार्टी जौनपुर की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष शिव नायक पटेल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय वाजिदपुर पर आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने आगामी माह में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा की। पार्टी को मजबूती दिलाने के लिए संगठन की नई रूपरेखा प्रस्तुत की ।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल का जनपद में आगमन होना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को अभी से संगठन को चुस्त–दुरुस्त रखने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि मिशन 2024 में सर्वाधिक सीटें जीतने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कमर कस ली है। इसके लिए बूथ लेवल पर जा– जाकर कार्यकर्ता और पदाधिकारी पार्टी की नीतियों नीतियों और उपलब्धियों के बारे में गांव के अंतिम व्यक्ति को बता रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष की मंशा के अनुरूप हर कार्यकर्ता उनके पद चिन्हों पर चलते हुए उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री की लोकप्रियता से विपक्षी दलों में खलबली मच गई है ।बैठक में जिले के कई लोगों को पार्टी के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। संचालन मान सिंह पटेल ने किया ।मौके पर हरिहर प्रसाद पटेल जिला कोषाध्यक्ष, कृष्णा सिंह महासचिव महिला मंच, योगी सुरेंद्र नाथ जिला सचिव, उदयभान पटेल महासचिव, नरेंद्र बहादुर पटेल, धर्मेंद्र पटेल,राम सुंदर पटेल,डा. मनीष कुमार यादव,अजीत पटेल, मुन्ना बिंद, शोभनाथ पटेल जयप्रकाश पटेल, हरिराम वर्मा, राम सिंह वर्मा, लाल बहादुर पटेल, राजेश कुमार कनौजिया, महेंद्र प्रसाद पटेल आदि उपस्थित रहे।

## मिर्जापुर 96 विधानसभा के दिवंगत विधायक स्वर्गीय राहुल प्रकाश कोल के निधन पर आयोजित शोकसभा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपना दल एस पार्टी जिला कार्यालय वाजिदपुर में 8 फरवरी को मिर्जापुर 96 विधानसभा के दिवंगत विधायक स्वर्गीय राहुल प्रकाश कोल के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई ।पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने स्वर्गीय विधायक के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।राष्ट्रीय सचिव ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन पूरी पार्टी ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका अचानक इस दुनिया को छोड़ कर चले जाना अत्यंत व्यथित कर देने वाली घटना है ।परिजनों पर वज्रपात हुआ है जोकि पूरे क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश व पार्टी के लिए हृदय विदारक घटना है ।उन्होंने कहा कि वह एक सीधे –सरल व्यक्तित्व,मृदुभाषी, इमानदार छवि,पार्टी के योग्य और कर्मठ जनप्रतिनिधि थे ।अपने वक्तव्य में श्रीमाली ने



कहा कि पार्टी ने अपना एक अत्यंत लोकप्रिय विधायक खोया है जिसकी भरपाई किसी भी कीमत पर नहीं हो सकती ।उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को कष्ट बर्दाश्त करने की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## कोरोना संक्रमण के वास्तविक मामले 17 गुना ज्यादा : 88 वैज्ञानिकों के चौंकाने वाले आंकड़े!

वाराणसी ब्यूरो : देश में कोरोना संक्रमण के वास्तविक मामले आधिकारिक मामलों से 17 गुना ज्यादा रहे। बीएचयू समेत 34 संस्थानों के 88 वैज्ञानिकों के अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। टीम ने सितंबर–दिसंबर 2020 में छह राज्यों के चौदह जिलों में 2301 लोगों का सीरो सर्वे यानी एंटीबॉडी परीक्षण किया था। उसकी रिपोर्ट आने के बाद अब उसका प्रकाशन विज्ञान की विशिष्ट पत्रिका इंटरनेशनल जनरल आफ इंफेक्शंस डिजीजेज में प्रकाशित हुआ है। कोरोना संक्रमण के दौर में बीएचयू समेत अन्य शोध संस्थानों में वैज्ञानिकों ने शोध किया। बीएचयू के जीन विज्ञानी प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे के नेतृत्व में हुए अध्ययन में ऐसे लोगों को शामिल किया, जो कि बिना किसी लक्षण के कोरोना संक्रमित हुए। ऐसे लोगों की संख्या 26 से 34 वर्ष थी। प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे का कहना है कि कोरोना की लहर में एंटीबाडी की जांच वास्तविक संक्रमण की सटीक जानकारी के लिए जरूरी होता है। इसको देखते हुए चौदह जिलों से शहरी इलाकों से हर दिन




भीड़भाड़ वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सैंपल लिया गया। प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले में एंटीबॉडी–पॉजिटिव लोगों का न्यूनतम अनुपात देखा गया, जबकि यूपी के गाजीपुर जिले में अधिक पाया गया। शोध के अनुसार आधिकारिक और संभावित आंकड़ों में अंतर बिना लक्षण वालों के मामलों की अधिक संख्या होने के कारण थी।

## प्रतिभा निखारने का साधन है प्रतियोगिता –कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस समारोह प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम इंजीनियरिंग के विश्वेश्वरैया हाल में किया गया। विश्वविद्यालय में 24 से 27 जनवरी तक उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत रंगोली काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर कोलाज एवं परंपरागत खेल में महिला व पुरुष में खो खो की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसके तहत छात्रों को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत इतिहास और प्रदेश की विभिन्न गतिविधियों से अवगत भी कराया गया 24 जनवरी को जिसे अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वर्कशॉप आयोजित की गयी । कार्यक्रम की अध्यक्षता करतीं हुईं कुलपति प्रो निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार ये कार्यक्रम छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने व उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने के साथ साथ प्रदेश की उन्नति में सहयोग के लिए प्रेरित करेगा। जल संरक्षण कार्यक्रम कुलपति द्वारा किया गया।ध स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार ने किया। भाषण प्रतियोगिता प्रथम शरीयत फातमा द्वितीय अंकित मिश्र तृतीय आकांशा काव्य पाठ में प्रथम अमृतान्शु द्वितीय प्रणव सिंह तृतीय आदित्य कोलाज में प्रथम शुभम गुप्ता द्वितीय



आलिया एवं टीम तृतीय निधि यादव एवं पोस्टर में प्रथम वत्साल्या द्वितीय तन्नु एव अजहर तृतीय अनन्या मिश्र रङ्गोली में प्रथम विनीत तिवारी ग्रुप द्वितीय ज्योति प्रजापति ग्रुप तृतीय जुली मोदनवाल ग्रुप खो खो महिला में प्रथम एम बी ए एम एफ सी व द्वितीय बायो टेक्नोलोजी खो खो पुरुष में बी फार्म व द्वितीय बी टेक को प्राप्त हुआ। आयोजन सचिव डॉ विनय वर्मा डॉ मनोज पाण्डे, डॉ अन्नु त्यागी ने थीं। धन्यवाद ज्ञापन मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो अशोक श्रीवास्तव, प्रो रजनीश भास्कर, डा. रसिकेश, डॉ सत्यम, डॉ दीप सिंह आदि मौजूद थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के देव इंटरनेशनल स्कूल शिवरामपुर में मंगलवार को विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की ओर से बनाए गए मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने मॉडलों का अवलोकन करने के साथ छात्र–छात्राओं के प्रयासों की सराहना



की।संस्था के चौयरमैन अमरदेव सिंह बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। जब ऐसे आयोजन में बच्चे प्रतिभाग करते हैं तो उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। स्कूल के प्रबंधक विनोद सिंह ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि विज्ञान का क्षेत्र काफी व्यापक है। देश के तमाम युवा विज्ञान के क्षेत्र में खुद को साबित कर रहे हैं। विज्ञान क्षेत्र से जुड़े बच्चों के लिए यह आयोजन काफी सहायक साबित होगा। विज्ञान के बिना विकास संभव नहीं है। छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए सतत प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय शिवरामपुर के बच्चों ने भी प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। बाद में बच्चों की ओर से बनाए गए द सोल्जर, डीएनए मॉडल, श्वसन तंत्र, ज्वालामुखी, सीवरेज वाटर, ट्रीटमेंट प्लांट एवं हार्ट मॉडल, वायु प्रदूषण, मानव उत्सर्जन तंत्र आदि का अवलोकन कर प्रयासों की सराहना अतिथियों व अभिभावकों ने की।

## थाना मड़ियाहूं पुलिस ने एक मनचले को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के पर्वेक्षण में थाना मड़ियाहूं पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त साहिल यादव पुत्र नागेन्द्र कुमार यादव निवासी रायपुर दुर्गादेवी थाना बरसठी जनपद जौनपुर, जो भगत सिंह तिराहा पर खडा होकर आने–जाने वाली लडकियों /महिलाओं को देख कर अश्लील शब्दो तथा गन्दे इशारे कर रहा था, को गिरफ्तारी कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त उपरोक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. साहिल यादव पुत्र नागेन्द्र कुमार यादव निवासी रायपुर दुर्गादेवी थाना बरसठी जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास 1.मु0अ0सं0 24/2023 धारा 294 भादवि थाना मड़ियाहूँ जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः– 1.ओम नारायण सिंह, प्रभारी निरीक्षक



थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 2.उ0नि0 सन्तोष कुमार कुमार दुबे, थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 3.का0 चन्द्रशेखर, का0 प्रिन्स उपाध्याय, का0 सूर्य कुमार यादव, का0 भानू प्रताप थाना मडियाहूँ, जौनपुर।

## थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा गैगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्वेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखाबिर की सूचना पर मु0अ0सं0–216/22 धारा–3(1)उ0प्र0 गिरोहबन्द अधिनियम के वांछित अभियुक्त हसन जाहिद उर्फ बाबू पुत्र अनवारूल निवासी मुफ्ति मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को मलहनी पड़ाव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.हसन जाहिद उर्फ बाबू पुत्र अनवारूल निवासी मुफ्ति मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–483/20 धारा–323/504/506/427 भादवि0 थाना कोतवाली जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–333/21 धारा–143/341 भादवि0 व 7 CLA ACT थाना कोतवाली जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–273/15 धारा–386/506 भादवि0 थाना कोतवाल जौनपुर। 4.मु0अ0सं0–198/21 धारा–323/504/506/427 भादवि0 थाना कोतवाली जौनपुर। 5. मु0अ0सं0–351/21धारा–419/420/120B/504/506/386 भादवि0



थाना लाइन बाजार जौनपुर। 6.मु0अ0सं0–216/22 धारा–3(1)उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री सतीश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली जौनपुर। 2. उ0नि0 रामजीत यादव, थाना कोतवाली जौनपुर। 3.हे0का0 पंकज पुरी, हे0का0 अमीत कुमार सिंह, हे0का0 सत्य प्रकाश सिंह, का0 विनयशंकर थाना कोतवाली, जौनपुर।

## थाना नेवढ़िया पुलिस ने थाना क्षेत्र के टाप टेन अपराधी को किया गिरफ्तार : कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के पर्वेक्षण में थाना नेवढ़िया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर लालाबाजार चौराहा बहदग्राम काजीहद से रोबिन सिंह उर्फ सौरभ सिंह पुत्र तारकेश्वरनाथ सिंह निवासी काजीहद थाना नेवढिया जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से एक नाजायज तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। जिसके आधार पर मु0अ0स0–15/23 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त दृ 1.रोबिन सिंह उर्फ सौरभ सिंह पुत्र तारकेश्वरनाथ सिंह निवासी काजीहद थाना नेवढिया जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग 1. मु0अ0स0–15/23 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना नेवढिया जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0स0–63/2020 धारा–392/411 भादवि थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0स0–28/2020 धारा–392/411 भादवि थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0स0–40/2020 धारा–307 भादवि थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 4.मु0अ0स0–41/2020 धारा–41/411 भादवि थाना रामपुर



जनपद जौनपुर। 5.मु0अ0स0–42/2020 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 6.मु0अ0स0–94/2020 धारा–3(1) उ0प्र0 गैगंस्टर अधिनियम थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर। 7. मु0अ0सं0–65/20 धारा–60। आबकारी अधि0 272/273 भादवि व 8/20 एनडीपीएक्ट थाना नेवढिया जनपद जौनपुर। 8. मु0अ0स0–15/23 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना नेवढिया जनपद जौनपुर। बरमादगी का विवरण– 01 तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.श्री विनय कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक थाना नेवढिया जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री सुदर्शन यादव, उ0नि0 श्री रामकृष्ण यादव, थाना नेवढिया जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 जयप्रकाश यादव, का0मन्टू कुमार सिंह थाना नेवढिया जनपद जौनपुर।

## नाजायज तमंचे के साथ एक अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव शर्मा के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक शिव प्रसाद पाण्डेय प्रभारी चौकी मुफ्तीगंज द्वारा मय पुलिस बल के हरिकरनपट्टी थाना केराकत जौनपुर के पास से अभियुक्त कृष्णा राय पुत्र उमेश राय निवासी डेहरी थाना केराकत को एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार और बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चलान न्यायालय किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शिव प्रसाद पांडे,हेड कांस्टेबल जयप्रकाश, कांस्टेबल निक्कू चौधरी आदि रहे।

## थाना लाइन बाजार पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्वेक्षण में प्र0नि0 लाइन बाजार मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान चौरा माता मन्दिर से विनय कुमार पुत्र सीतम गौतम निवासी ग्राम रैदासपुर पोस्ट फतेहगंज थाना बक्सा जनपद जौनपुर को एक तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–69/2023 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. विनय कुमार पुत्र सीतम गौतम निवासी ग्राम रैदासपुर पोस्ट फतेहगंज थाना बक्सा जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष बरामदगी का विवरण– 1.एक तमंचा 315 बोर । पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0–69/23 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट थाना लाइनबाजार



जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1. आदेश कुमार त्यागी, प्रभारी निरीक्षक थाना लाइनबाजार जौनपुर। 2.उ0नि0 आशुतोष कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी टी0डी0 कालेज थाना लाइनबाजार, जौनपुर। 3.का0 सुधीर कुमार, का0 धर्मेंद्र कुमार सिंह, का0 नीरज कुमार द्वारा थाना लाइनबाजार जौनपुर।

## शुभम ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में जीता मेडल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के सिहौली गांव के निवासी शुभम यादव ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन टूर्नामेंट गुजरात के गांधीनगर में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक चले इस टूर्नामेंट में शुभम यादव को मिला ब्रोंज मेडल इस टूर्नामेंट में सिविल सर्विसेज की सारी टीमे आई



थी, ऑल ओवर इंडिया के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, ऑडिट डिपार्टमेंट ,फॉरेस्ट डिपार्टमेंट, सचिवालय स्टेट टीमे आई हैं जिसमें आर एस बी चंडीगढ़ गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल कोलकाता और ब्रॉन्ज मेडल आर एस बी इंफाल को मिला आर एस बी इंफाल में विद्यासागर सलाम, शुभम यादव , एमसन, राणा बरुआ और टीम मैनेजर रंजीत सर थे शुभम यादव एजी डिपार्टमेंट मिजोरम में अकाउंटेंट पोस्ट पर जॉब करते हैं शुभम के कोच रंजीत ने बताया कि इस टूर्नामेंट में मेडल लगना बहुत ही बड़ी बात है और आर एस बी इंफाल का पहली बार ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में मैडल लगा है मैडल लगने पर शुभम के ऑफिस ए जी मिजोरम में बहुत सारी खुशियां मनाएंस और उनके आवास पर माता–पिता को ढेरों लोगों ने पहुंचकर ढेर सारी बधाई दी और सभी लोगों ने आपस में मिठाइयां खिलाकर मुंह मीठा किया।

## तहसील बार एसोसिएशन ने सरकार के खिलाफ जमकर किया प्रदर्शन व नारेबाजी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बार एसोसिएशन केराकत के अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिन मांगों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है उसी मांगों के समर्थन में केराकत तहसील के विभिन्न कार्यालयों पर केराकत तहसील अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया आओ उपजिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा प्रमुख मांगों में अधिवक्ताओं को पाँच लाख का मुफ्त चिकित्सा सुविधा, अधिवक्ता और पत्रकार की मृत्यु पर समान राशि का सहयोग ,प्रत्येक जिले पर अधिवक्ताओं के लिए चेंबर, 60 साल से अधिक उम्र के अधिवक्ताओं के लिए पेंशन, एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट



लागू किया जाए आदि शामिल है। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव,महामंत्री उदय राज कनौजिया, मीडिया प्रभारी अनुपमा शुक्ला,अनिल सोनकर गांगुली, मांधाता सिंह, विक्रांत सिंह,दिनेश शुक्ला,ज्ञान प्रकाश पांडे,नमः नाथ शर्मा, छोटेलाल निडर,राजवंत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## एस.एस. पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन संपन्न

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : एस एस पब्लिक स्कूल सिद्दीकपुर की तरफ से कक्षा 12 के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ नम्रता सिंह प्रबंधक विश्वतोष सिंह , आलोक यादव व प्रधानाचार्य डॉ सीमा सिंह एवं शिक्षक मौजूद थे ।आयोजन का शुभारंभ संस्थापक बाबूजी के फूल पर माल्यार्पण करके और सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो का शुभारंभ किया। जिसमें छात्रों ने विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया और उसमें सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया ।इसके बाद शिक्षा निदेशक आलोक यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया । बच्चों को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित



किया । इस अवसर पर डॉ नम्रता सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्रबंधक विश्वतोष सिंह ने बच्चों को उत्साहवर्धन आर्शीवाद दिया और आगामी बोर्ड की परिक्षा के लिए उनका मार्ग दर्शन किया ।कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्या डॉ सीमा सिंह ने सभी छात्रों को नियमित पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक गण मौजूद थे। सभी छात्र एक दूसरे को भाव पूर्ण विदाई दिए। फेयरवेल पार्टी में छात्रों को सम्मानित किया गया।

## लालती कुमुदेश्वर पी जी कॉलेज में संपन्न होगा 31वां जनपदीय रोवर रेंजर्स समागम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विद्यार्थियों में रोवर्स रेंजर्स , स्काउट गाइड के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक ,आध्यात्मिक, व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास तथा क्षमताओं के संपूर्ण उपयोग हेतु विद्यार्थियों के विकास के लिए 31 वां जनपदीय रोवर्स रेंजर्स समागम 2023 लालती कुमुदेश्वर महिला पी.जी. महाविद्यालय, केराकत, जौनपुर में संपन्न होगा । उक्त निर्णय टी.डी.कालेज में सम्पन्न हुए महाविद्यालयों के रोवर्स रेंजर्स लीडर एवं स्काउट गाइड प्रभारी ट्रेनरों की बैठक में लिया गया । बैठक की अध्यक्षता जनपदीय संयोजक प्रो. अजय कुमार दुबे ने की । बैठक में डॉ मनोज कुमार तिवारी, प्रो. श्रद्धा सिंह, डॉ सुजीत कुमार पटेल, डॉ. सारिका सिंह, डॉ. ज्ञान प्रकाश पाठक, डॉ दिनेश तिवारी, डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ कर्म चंद यादव, डॉ गीता सिंह, श्री राकेश कुमार मिश्र डी ओ सी जौनपुर , श्री ज्ञान चंद चौहान, श्री अम्बुज सिंह, श्री अजय चौहान आदि उपस्थित हुए । बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि जनपद के समस्त महाविद्यालय अपने–अपने महाविद्यालयों में पंच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर यथा शीघ्र संपन्न करा लें जिससे मार्च के द्वितीय सप्ताह में 31 वें जनपदीय समागम में उनके महाविद्यालय की टीमें सहभागिता कर सकें । उक्त जानकारी वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के जनपदीय संयोजक प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने दिया।

## राजनीतिक परिवेश में बदलाव की जरूरत –प्रभात पांडेय भूतपूर्व वायु सैनिक

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : राजनीतिक परिवेश का माहौल खराब होता जा रहा है जिसमें बदलाव की जरूरत है, शिक्षा गुणवत्ताप औद्योगिक विकास युवाओं को रोजगार भी देश के विकास के लिए जरूरी है। सामाजिक धार्मिक भेदभाव ऊंच–नीच की भावनाओं को भी एकरूपता लाकर प्रेम भाव का विस्तार करना है यह बाते भूतपूर्व वायु सैनिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात पांडेय ने मल्हनी बाजार में आयोजित जनता सभा के प्रेस वार्ता में कही । उन्होंने मौजूद लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की विडंबना है आज नेता धर्म वाद जातिवाद अगड़ा पिछड़ा वर्ग ऊंच–नीच जैसे भावनाओं से ग्रसित होकर के वोट की गन्दी राजनीति शुरू कर दिए हैं। जो समाज क्षेत्र विकास के लिए दीमक की तरह काम कर रहा है। विश्व के अगली श्रेणी में भारत को ले जाने के लिए तमाम व्यवस्थाओ मे परिवर्तन की जरूरत है। साथ राजनीतिक परिवर्तन सामाजिक परिवर्तन भेदभाव में बदलाव हो सके। हमारे देश के बड़े–बड़े नेता हैं जो पूंजी पतियों को संरक्षण देकर समाज व जनमानस में तमाम तरह की खाई बना दे रहे हैं। इस चलन को नष्ट कर एक नई दिशा देना पडेगा। देश प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को और गुणवत्ता युक्त किया जाय। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से छात्रो शिक्षको की उलझने बढ़ गई है ,इसमें आंशिक संशोधन भी हो। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के साथ किसानों को संसाधन मुहैया कराने की जरूरत है। युवाओं को रोजगार – स्वरोजगार दे कर व सरकारी योजनाएं धरातल पर लाने के साथ ही उसका क्रियान्वयन भी होना



चाहिए। जागरूकता अभियान की मुहिम चलाऊगा । निजीकरण ठीक है लेकिन वह समाज के सहुलियत के हिसाब से बेहतर करना है। 18 वर्ष वायु सेना में सेवा देने के बाद भूतपूर्व वायु सैनिक प्रभात पांडेय ने कहा कि इन सब के बदलाव के लिए जौनपुर सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ लूंगा ।पूर्व वायु सैनिक प्रभात पांडेय ने कहा कि मैं सेवानिवृत्त होकर के 7 वर्ष से कोचिंग का संचालन किया। जिसमें सभी वर्गों के छात्रो सहूलियत दी। कोरोना काल में हमने जरूरतमंदों की बढ़–चढ़कर मदद की, राजनीति में आकर मैं राष्ट्र सेवा का लक्ष्य लेकर जनता का भी सेवा करूगा। मुझे मौका मिला तो मैं देश को विश्व स्तर पर ले जाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

## कायाकल्प टीम के निरीक्षण में दूसरे दिन मिली खामियां : दूर करने के दिये गये आवश्यक निर्देश – डा के के धवन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिला चिकित्सालय की जमीनी हकीकत जानने शासन स्तर से भेजी गई कायाकल्प टीम ने आज दूसरे दिन मंगलवार को भी विभिन्न वार्डो व विभागों में बारीकी से निरीक्षण किया।इस दौरान टीम को निरीक्षण के दौरान अनेक खामियां मिलीं।जिसे दूर करने के आवश्यक दिशा निर्देश टीम में शामिल के के धवन ने वहां पर उपस्थित कर्मियों को दिये।मालूम हो कि इस टीम में शामिल डाक्टर के के धवन व डाक्टर मृणालिनी उपाध्याय ने संयुक्त रुप से सोमवार को भी इस चिकित्सालय में बारीकी से कुछ वार्डों व विभागों का निरीक्षण किया था। प्रदेश मुख्यालय से आई कायाकल्प टीम में शामिल इन दोनों अधिकारियों ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय के ओटी वार्ड,जनरल वार्ड, मेडिकल वार्ड, स्टोर रुम सहित अधिकतर वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इस टीम में शामिल कर्मियों को स्टोर रुम सहित अन्य वार्डों में काफी कमियां मिली। जिसके चलते वहां पर मौजूद कर्मियों व स्टाफ नर्सों को जमकर डांट लगाई। उन्होंने इस दौरान इन कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि क्यों न आप सभी की शिकायत ऊपर तक की जाये।मजे की बात तो उस समय दिखाई दिया जब बाहर से जिला चिकित्सालय पूरी तरह से स्वच्छ दिखाई दे रहा था और ध्वनि विस्तारक यंत्र से मरीजों व उनके परिजनों को स्वच्छता व मास्क लगाने की अपील हो रही थी।टीम में शामिल दोनों सदस्यों ने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों से हालचाल भी पूछा।वार्ड में मरीज




व उनके परिजनों को मास्क के बिना देखा गया और मेडिकल वार्ड के सामने लगी एलईडी भी खराब दिखी।जिसको लेकर कायाकल्प टीम में शामिल कर्मियों ने मरीजों व तीमारदारों को मास्क लगाये के जागरूक किया वही एलईडी ठीक कराने की बात कही। मालूम हो अभी यह टीम बुधवार को भी जिला चिकित्सालय में निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपगी।उसी आधार पर जिला चिकित्सालय को पुरस्कृत व शासन द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया जायेगा। इस मौके पर जिला गुणवत्ता सलाहकार अरविंद कुमार सिंह, सीएमएस डॉ सी बी एन त्रिपाठी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विपिन कुमार वर्मा, डाक्टर अनिल वर्मा, प्रबंधक राजेन्द्र तिवारी,एचडीओ अरविंद सिंह,ईसीएन स्टाफ नर्सो में अर्पिता गोस्वामी, चीफ फार्मासिस्ट वी के श्रीवास्तव सहित कई चिकित्सक व अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मियों को होली से पहले मिल सकता है अपना आवास व बैरक : पुलिस लाइन में बन रहा 96 आवास व 36 फ्लैट

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)शीघ्र ही पुलिस लाइन में तैनात पुलिस कर्मियों को होली पर आवास व बैरक मिलने जा रहा है। सूत्र के मुताबिक फरवरी माह में होली से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा से आच्छादित राज योजना परियोजना के तहत पुलिस लाइन परिसर में जी .12 दो हॉस्टल आवासीय का निर्माण कार्य करा रही संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड फरवरी माह तक पुलिस विभाग को सौंपने की उम्मीद है।वही इसी कड़ी में पुलिस आवास निगम द्वारा बनाई जा रही जी. 8 पुलिस बैरक भी फरवरी माह के अंत तक पुलिस विभाग को सौंपने की उम्मीद है।जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार होली से पहले अनेक पुलिस कर्मियों को बैरक व फ्लैट के रुप में यह तोहफा मिल सकता है।सूत्र के मुताबिक पुलिस लाइन परिसर में बन रहा हॉस्टल आवासीय का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा बहुत ही तेजी से चल रहा है।मालूम हो कि ग्राउंड के जी. 12 मंजिला है।इस पर कुल लागत 2329. 26 लाख रुपए स्वीकृत की गई है।सूत्र के मुताबिक इसका निर्माण कार्य 20 दिसंबर वर्ष 2020 से प्रारंभ हुआ था।वहीं इसकी पूर्ण तिथि 30 नवंबर 2022 तक था। परंतु तय सीमा के अंदर निर्माण कार्य नहीध् पूरी कराने पर फरवरी माह तक इस कार्य को पूरा कराने का समय पुलिस आवास निगम मुख्यालय से लिया गया है। वहां पर मौजूद एक अधिकारी ने नाम ना लिखने की शर्त पर बताया कि इसका निर्माण कार्य कराने वाले विभाग के माध्यम से फरवरी आखिरी सप्ताह तक निर्माण कार्य करा कर इसे पुलिस विभाग को दिए जाने की उम्मीद है।सूत्र के मुताबिक जी़12 मंजिला बन रहा यहां पर दो हॉस्टल पुलिस कर्मियों के लिए रहेगा।इसमें



एक फ्लोर चार फ्लैट रहेगा। प्रत्येक फ्लैट में एक बेडरुम, एक ड्राइंग रूम,एक लाबी, एक स्टोर रूम, एक किचन व एक बाथरूम रहेगा।एक फ्लोर पर कुल 4 फ्लाइट रहेंगे।इस तरीके से 12 फ्लोर के ऊपर कुल 48 फ्लैट और दोनों हॉस्टल को मिलाकर कुल 96 फ्लैट पुलिसकर्मियों को मिलेंगे।इसी तरह पुलिस आवास निगम द्वारा निर्माण कराया जा रहा पुलिस बैरक का भी निर्माण कार्य तेजी सेध् चल रहा है।जिसमें जी. 8 मतलब कुल 9 मंजिला बिल्डिंग बन रही है।इस बिलिंग में एक फ्लोर पर चार कमरे हैं।इस तरीके से इसमें कुल 36 कमरे पुलिस कर्मियों को मिलेंगे।इसमें एक फ्लोर पर एक कमरे के साथ साथ बालकनी,टॉयलेट,वॉशरूम रहेगा। इस बिल्डिंग के निर्माण में लगभग पांच करोड़ खर्च होने की आंकलन किया गया है।इस विल्डिंग के निर्माण को तय सीमा के अंदर देने व उसकी गुणवत्ता को परखने के लिए डीआईजी/एसएसपी मुनिराज जी अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ बीच बीच में बारीकी से निरीक्षण कर वहां पर मौजूद कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी देते हैं।

## अयोध्या रामपथ चौड़ीकरण में नजूल की जमीन पर हो रहा है अवैध कब्जा

अयोध्या (संवाददाता)अयोध्या सदर तहसील के साहबगंज चौकी क्षेत्र में राम पथ चौड़ीकरण होने से नजूल जमीन पर अवैध निर्माण होने का मामला प्रकाश में आया है ,जहां दबंग किस्म के कुछ लोग नजूल जमीन पर मकान निर्माण करवाने का कार्य कर रहे हैं जिसकी सूचना प्रशासन विभाग की मिलने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है वही बगल में पीड़ित व्यक्ति वजीर अहमद ने बताया कि हमारे बगल अब्दुल मतीन मकान के छज्जे को भी क्षतिग्रस्त किया है मना करने के बावजूद नहीं मानते हैं मामला साहब गंज चौकी क्षेत्र अमानीगंज का है सरकार प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है जहां नजूल जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

## उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना के हुए 50 वर्ष पूरे

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना के 50 साल पूरे हो रहे हैं, इसके चलते वर्तमान साल के 24 दिसंबर तक स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है । प्रमुख कार्यक्रम बीते साल 24 दिसंबर को दीपोत्सव कार्यक्रम हुआ था। अब प्रदेश के 75 जिलों के साथ 310 तहसीलों में भव्यता के कार्यक्रम होंगे, जिले में पूरे साल भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह जानकारी बुधवार को व्यापार मंडल के जिला कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार गुप्ता ने दी । जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी, प्रदेश सचिव श्रीनाथ गुप्ता,जिला महामंत्री रमेश चौरसिया, युवा जिला अध्यक्ष मानव मेहरोत्रा, युवा महामंत्री अरुण साहू, नगर महामंत्री प्रेम नाथ राय, सौरभ सरीन, प्रभात अग्रवाल के साथ वार्ता में प्रकाश कुमार गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार से 28 फरवरी तक व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर संपर्क किया जाएगा संगठन से व्यापारियों को जोड़ने के लिए 70 30 930 361 नंबर पर मिस्ड कॉल कराया जाएगा।13 मार्च से सहारनपुर से व्यापारी स्वाभिमान यात्रा प्रारंभ होगी जो पूरे जिले में भ्रमण करेगी, उन्होंने बताया कि जिले में यात्रा 18 अप्रैल को अयोध्या जिले के गोसाईगंज में आएगी। यात्रा में एक डिस्टल रथ व सुझाव पेटी होगी। जिसमें आम व्यापारी अपनी समस्याओं से संगठन को अवगत करा सकेंगे।

## जाम में फंसी कार की बोनट पर बनाने लगे पैग : सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

लखनऊ ब्यूरो : जाम में कार फंसी तो इसमें सवार युवक बोनट पर ही शराब का पैग बनाने लगे। आसपास खड़े वाहनों में से किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो मंगलवार को लखनऊ पुलिस के ट्विटर हैंडल से टैग किया गया तो पुलिस हरकत में आ गई। उधर, एक दूसरा वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें बाइक सवार दो युवक हाथ में पिस्तौल लेकर फिल्मी गाने पर रील बनाते दिखे। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। पहला वीडियो आगरा एक्सप्रेस–वे के पास का होने का दावा किया जा रहा है। इसमें ग्रे रंग की कार जाम में फंसी नजर आई। वायरल वीडियो में लाल रंग की शर्ट पहने युवक और उसका साथी नजर आ रहा है। दोनों कार के बोनट पर गिलास रखते हैं और लाल रंग की शर्ट पहने युवक बोतल से गिलास में शराब डालता है। आरोपी युवकों की कार के आगे सफेद रंग की कार में बैठा युवक भी आरोपियों का साथी बताया जा रहा है। मंगलवार को लखनऊ कमिश्नरेट के ट्विटर हैंडल को टैग किए गए वीडियो को कई बार शेयर किया गया। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला पारा इलाके का बताया गया। हालांकि, इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह का कहना है कि वीडियो कहां का है, इसकी जांच की



जा रही है। इधर, हाथ में पिस्तौल लेकर बाइक पर स्टंट मंगलवार को ही फिल्मी गाने पर रील बनाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड किया गया। इसमें स्पोर्ट बाइक से दो युवक जा रहे हैं। पीछे बैठा युवक हाथ में पिस्तौल लिए हुए निशाना साध रहा है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद चौक पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्र के मुताबिक पक्का पुल के पास यह वीडियो रिकॉर्ड किया गया है। फुटेज में नजर आ रहे युवकों की जानकारी जुटाई जा रही है। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट भी नहीं पहना है।

## तारुन रिश्तेदारी में आया गोसाईगंज का युवक विद्युत पोल से बाइक सहित टकराकर हुआ गंम्भीर रूप से घायल हालत नाजुक

अयोध्या ( जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।तारुन अयोध्या गोसाईगंज के अकारीपुर गांव निवासी युवक विपिन कुमार कोरी पुत्र महेश कुमार तारुन कस्बे के तारुन गोसाईगंज मार्ग पर बाइक सहित टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गया हैं।जिसकी हालत नाजुक हैं। चोटिल युवक को स्थानीय लोग सूचना के बाद एम्बुलेंस की मद्त न मिलने से उसे बाइक से उपचार हेतु तारुन सीएचसी ले गये है। घायल युवक अपने चाचा राम नरेश के साथ तारुन के नरायनपुर गांव निवासी रिश्तेदार राम सुन्दर कोरी के यहां बुधवार को आयोजित तेरही भोज में शामिल होने आया था। चोटिल के अलावा भोज में आये कई लोगो के शराब के नशे में होने की बात सामने आयी हैं। यह घटना करीब 4.40 बजे की बताई गई है। दुर्घटना ग्रस्त प्लाटिना बाइक संख्या UP45 AH 5354 हैं।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा जौनपुर की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स भवन में जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सभाध्यक्ष ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा कार्ड के



डाउनलोड होने में आ रही कठिनाई के संदर्भ में नोडल संस्था सांची लखनऊ से प्राप्त पत्र को पढ़कर स्थिति स्पष्ट की गई संस्था ने अवगत कराया है कि मरम्त कार्य के वजह से कार्ड डाउनलोड होने में जो कठिनाई आ रही है वह एक सप्ताह में दूर हो जाएगी। इसके साथ ही उपस्थित सदस्यों से अपने अपने निकट रहने वाले पेंशनर साथियों को संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई जिससे सदस्यों की संख्या में वृद्धि हो साथ ही शासन से मिलने वाली सुविधाओं की उनको जानकारी हो सके। बैठक में कैशलेश चिकित्सा संबंधी जनपद के निजी अस्पतालों की जानकारी से०नि० लेखाकार कंचन सिंह ने सभी साथियों को दिया। बैठक में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के देयों के निस्तारण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर पर विलंब की स्थिति पर खेद व्यक्त किया गया, साथ ही इसमें सुधार की मांग की गयी। बैठक को मुख्य रूप से राकेश कुमार श्रीवास्तव पुर्व अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, पारसनाथ यादव, डीके सिंह, के के त्रिपाठी, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, धनंजय यादव, श्याम बिहारी सिंह, ओंकार मिश्रा, रामाश्रय रजक, विक्रमाजीत यादव, रमाशंकर निषाद, विद्या प्रकाश सिंह, लालमणि चौबे, नंदलाल, ओमप्रकाश सिंह , पीके सिंह, यदुनाथ यादव आदि ने संबोधित किया। बैठक के अंत में सभी उपस्थित साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्त की घोषणा की गई। बैठक का संचालन राजबली यादव जिला मंत्री ने किया।

## बीएड की परीक्षा देने गई युवती पर सरेराह चाकू से हमला : हमलावर को लोगों ने पीटकर किया अधमरा

आजमगढ़ ब्यूरो : यूपी के आजमगढ़ से एक ऐसा मामला सामने आया है जहां एक बाइक सवार युवती पर सिरफिरे शख्स ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। यह सब तब हुआ जब युवती बीएड की परीक्षा देकर भाई के साथ घर लौट रही थी। घटना में युवती घायल हो गई। इधर, हमलावर को मौके पर मौजूद लोगों ने दबोच लिया और पीट–पीटकर अधमरा कर दिया। चाकू से घायल छात्रा और हमलावर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना इटैली बाजार की है। तरंवा थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी सुनीता पांडेय (26) बुधवार को अपने भाई के साथ बीएड की परीक्षा देने के लिए पीजी कॉलेज कूबा मेहनाजपुर गई थी। परीक्षा खत्म होने पर वह भाई के साथ बाइक से घर जाने लगी। इटैली बाजार में भीड़ के कारण बाइक की गति कम थी। तभी एक सिरफिरा युवक रितेश पुत्र रविंद्र यादव पहुंचा और उसने बाइक सवार सुनीता पर चाकू से हमला बोल दिया। युवती पर पहले भी हो चुका है चाकू से हमला नजारा देख मौके पर मौजूद लोगों ने हमलावर को दबोच लिया और पिटाई शुरू



कर दी। सूचना पर मेहनाजपुर थाना पुलिस के साथ ही सीओ लालगंज मनोज रघुवंशी भी फोर्स के साथ पहुंचे। चाकूबाजी में घायल युवती व बाजारवासियों की पिटाई से घायल हमलावर को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमलावर के साथ एक और युवक भी था जो मौके से भाग निकलने में सफल रहा। सीओ ने युवती का बयान लिया और फिर भाई की तहरीर पर मेहनाजपुर थाने में मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया है। बताया जाता है कि कुछ साल पूर्व भी रितेश ने सुनीता पर हमला किया था। उस मामले में भी मुकदमा मेहनाजपुर थाने में दर्ज है।

## महाशिवरात्रि पर बन रहा सर्वार्थ सिद्धि योग : पूजन और जलाभिषेक का ये रहेगा मुहूर्त

वाराणसी ब्यूरो : महाशिवरात्रि पर भक्तों के लिए बनने वाला संयोग बेहद खास है। सर्वार्थ सिद्धि योग भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करेगा वहीं शनि प्रदोष शनिदेव की कृपा बरसाएगा। काशी के ज्योतिषाचार्यों की मानें तो महाशिवरात्रि पर वर्षों बाद बन रहे संयोग में भगवान शिव की आराधना और व्रत से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। काशी विद्वत कर्मकांड परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य अशोक द्विवेदी ने बताया कि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 18 फरवरी 2023 शनिवार को रात 8 बजकर दो मिनट से अगले दिन 19 फरवरी को शाम चार बजकर 18 मिनट तक रहेगी। महाशिवरात्रि के लिए निशिथ काल पूजा का मुहूर्त चतुर्दशी तिथि में होना आवश्यक है इसलिए महाशिवरात्रि 18 फरवरी को ही मनाई जाएगी। महाशिवरात्रि के दिन ही शनि प्रदोष व्रत भी है। इसके साथ ही शंख योग, सर्वार्थ सिद्धि का संयोग बन रहा है। इन शुभ योगों में किए गए पूजा–पाठ और कार्यों का कई गुना अधिक फल मिलता है। महाशिवरात्रि पर शनिदेव मूल त्रिकोण राशि कुंभ में विराजमान रहेंगे। सूर्यदेव अपने पुत्र शनि की राशि कुंभ में चंद्रमा के साथ गोचर करेंगे। त्रिग्रही योग शिव भक्तों के लिए खास लाभकारी होगी। शनिदेव अपनी प्रिय राशि कुंभ में अस्त होंगे। जातकों के लिए यह योग कॅरियर और आर्थिक मामलों की दृष्टि से बेहतर रहेगा। महाशिवरात्रि का व्रत रखने और शिवजी




की पूजा करने से जातकों के शनि के सभी दोष दूर होंगे और हर मनोकामना पूरी होगी।

पूजन मुहूर्त

काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक और भगवान शिव का पूजा के लिए दिन भर मुहूर्त है। जो लोग निशिथ काल में पूजा करना चाहते हैं, उनके लिए रात 12:09 मिनट से रात एक बजे तक का मुहूर्त बन रहा है। शिवलिंग पर शुद्ध जल और बिल्व पत्र अर्पित करके ऊं नमः शिवाय का जाप करने मात्र से ही शिव प्रसन्न हो जाते हैं।

गुरु और शुक्र की बन रही युति

ज्योतिषाचार्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि महाशिवरात्रि पर गुरु मीन राशि और शुक्र अपनी उच्च राशि मीन में गोचर करेंगे। गुरु और शुक्र की यह युति मिथुन, कन्या, धनु और मीन राशि वालों के लिए हंस और मालव्य योग का निर्माण करा रही है। वृषभ, सिंह, वृश्चिक और कुंभ राशि वालों के लिए शश योग, मेष, कर्क, तुला और मकर राशि वालों के लिए सामान्य फलदायी रहेगा।

## मुख्यमंत्री का पुतला जलाने वाले अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज : 18 नामजद और 150 अज्ञात

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ के लालगंज तहसील गेट पर मुख्यमंत्री का पुतला जलाने वाले अधिवक्ताओं पर बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई की। चौकी प्रभारी लालगंज की तहरीर पर देवगांव कोतवाली में 18 नामजद समेत 100 से 150 अज्ञात अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस की इस कार्रवाई से अधिवक्ताओं में नाराजगी है। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को लालगंज तहसील बार के अधिवक्ताओं ने छह सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन किया था। इस दौरान विरोध–प्रदर्शन करने के साथ ही मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला फूंका और एसडीएम को पत्रक सौंपा। भाजपा नेताओं ने किया था विरोध अधिवक्ताओं के इस आंदोलन का भाजपा नेताओं ने बैठक कर विरोध दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। मुख्यमंत्री का पुतला फूंके जाने के मामले को पुलिस महकमे ने गंभीरता से लिया। चौकी प्रभारी लालगंज देवेंद्र नाथ दूबे की तहरीर पर देवगांव कोतवाली में 18 नामजद समेत 100 से 150 अज्ञात अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज किया गया। नामजद किए गए अधिवक्ताओं में राजनाथ यादव, हामिद अली, विजय प्रकाश पांडेय, विंध्यवासिनी राय, रामसेवक यादव, विनय राय, देवनरायण, हरि यादव, शिव प्रकाश यादव, सुधीर श्रीवास्तव, धर्मेंद्र पाठक, अमरनाथ, चंद्र मोहन, लल्ले मिश्रा, अनुज तिवारी, सुरेंद्र चौहान, राम विजय सिंह, पंकज सोनकर शामिल हैं। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कराये जाने से तहसील बार के अधिवक्ताओं में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

## नाव पर खड़े होकर सेल्फी लेते समय युवक यमुना में डूबा : मौत

प्रयागराज ब्यूरो : अरेल घाट पर बुधवार की दोपहर अपने भतीजे के साथ स्नान करने गया युवक नाव पर खड़े होकर सेल्फी ले ले रहा था। उसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नैनी थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला निवासी मार्तंड प्रताप सिंह 20 वर्ष पुत्र रूद्र प्रताप सिंह मिर्जापुर जिले के लालगंज के मूल निवासी है। आज दोपहर 1:00 बजे अरेल घाट पर अपने भतीजे राघवेंद्र प्रताप सिंह के साथ स्नान करने गए थे ।उसी दौरान दोनों घाट पर खड़ी नाव पर खड़े होकर सेल्फी लेने लगे। अचानक मार्तंड का पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में गिर गया। देखते ही देखते वह पानी में डूब गया। लोग उसको बचाने के लिए जब तक एकत्र होते। वह पूरी तरह




से आंखों से ओझल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को पानी में उतारा । काफी देर बाद उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक के स्वजन को घटना की जानकारी दी। रोते बिलखते परिजन एसआरएन पहुंचे।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002
RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।